Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7538	10.07.2023	12.07.2023	Banda Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/banda/one-death-due-to-diarrhea-12-admitted-banda-news-c-212-1-bnd1001-276-2023-07-10
Title:	**One death due to diarrhea, 12 hospitalised in Banda, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Banda, SSU- Uttar Pradesh			

उमस भरी गर्मी और बारिश के मौसम में डायरिया बढ़ रहा है। डायरिया से ग्रसित एक युवक की मौत हो गई। रविवार को 12 लोग जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती किये गये।

बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारियां थमने का नाम नहीं ले रहीं। जिला अस्पताल की ओपीडी और ट्रामा सेंटर में प्रतिदिन बुखार और डायरिया में मरीजों की आमद बनी हुई है। शनिवार को बबेरू कोतवाली क्षेत्र के उमरहनी गांव के रहने वाले फूलचंद्र (35) की शाम करीब पांच बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। उसे सुबह नौ बजे के करीब भर्ती कराया गया था। उधर, डायरिया से पीड़ित बंगालीपुरा निवासी रामआसरे (55), टेढ़ा गांव निवासी नीतू चौबे (24), सर्वोदय नगर निवासी शिवकांति (40), खाईंपार निवासी निशा (40), पिपरी गांव निवासी पीहू (2), लामा गांव निवासी रानी (55), नवोदय विद्यालय के अनमोल (15), मर्दननाका की मुस्कान (11), डीएम कालोनी निवासी अनिकेत (2), अकबई गांव निवासी हरिमोहन (40), कर्वी निवासी आनंद (1), कटरा निवासी सरोजनी (55) को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

वर्जन....
डायरिया में शरीर में पानी तेजी से कम होता है। बुखार भी रहता है। पतले दस्त होते हैं। यह लक्षण होने पर तत्काल नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में दिखाएं। नियमित इलाज कराएं। बाहर के तले-भुने खाद्य पदार्थ खाने से बचें। -डॉ. विनीत सचान, वरिष्ठ ईएमओ, जिला अस्पताल, बांदा।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC